# जागरण : गुना : अशोकनगर : शिवपुरी : राजगढ़ : ब्यावरा : उज्जैन

www.dainikjagranmpcg.com ● चाचौड़ा ● राघोगढ़ ● मुंगावली ● चंदेरी ● पोहरी ● कोलारस ● जीरापुर ● सारंगपुर ● बड़नगर ● नागदा भोपाल, 18 मार्च 2026


## केंद्र सरकार की नीतियों, गैस की किल्लत और बढ़ती कीमतों के विरोध में किया प्रदर्शन, नाली में पाइप डालकर चूल्हा जलाने का किया प्रयास

# गैस की किल्लत को लेकर कांग्रेस ने निकाली सिलेंडर की शवयात्रा



**जागरण, ब्यावरा**

घरेलू गैस की किल्लत और लगातार बढ़ती गैस कीमतों के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस एवं शहर कांग्रेस ब्यावरा द्वारा मंगलवार को विरोध प्रदर्शन किया गया।

इस दौरान गैस सिलेंडर की प्रतिकात्मक शवयात्रा निकाली गई। कार्यकर्ताओं ने पीपल चौराहा से शहर के मुख्य बाजार मार्गों तक जनाक्रोश रैली निकालकर केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रतीकात्मक रूप से गैस टंकी की अर्थी भी निकाली। वहीं सुभाष चौक पर नाली में पाइप डालकर चूल्हा जलाने का प्रयास कर गैस संकट को लेकर विरोध जताया गया। धरना और रैली में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं आमजन शामिल हुए। वक्ताओं ने कहा कि गैस सिलेंडर के लगातार बढ़ते दामों ने आम जनता, विशेषकर मध्यम वर्ग और गरीब परिवारों का जीवन कठिन बना दिया है। साथ ही गैस की किल्लत के कारण लोगों को रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने में भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि शहर सहित जिलेभर में गैस सिलेंडर के साथ-साथ बीजेपी नेता भी गायब हैं। उन्होंने ऑटो चालकों और गरीब परिवारों को राहत देने के लिए सरकार से अतिरिक्त फंड जारी करने की मांग की। उन्होंने कहा कि देशभर में एलपीजी सिलेंडर की कमी और बढ़ती कीमतों को लेकर लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। जिले में गैस एजेंसियों के बाहर लंबी कतारें लग रही हैं। प्रदर्शन में प्रमुख रूप से पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. भारत वर्मा, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र यादव, चेनसिंह गुर्जर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राहुल दांगी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष कपिल शिवहरे, विष्णुदेव शास्त्री, पप्पू बना, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष अमन अरोरा, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष रचना भार्गव, जिला व्यापारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष ज्ञानु विजयवर्गीय, महेंद्र सिलावट, ब्लॉक किसान कांग्रेस अध्यक्ष गिरवर बना, राजू वर्मा, अतीक, राजा, जीतू महावर, फूलसिंह वर्मा, जगदीश सेन, संजय बंसल, मंडलम अध्यक्ष आदित्य भार्गव, महेश्वर सिंह बना, दाऊद बोहरा, राजेंद्र खत्री, राहुल जाटव, गिरराज गुर्जर, ईश्वर गुर्जर, कमलेश विश्वकर्मा, रामनारायण भारती आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### केंद्र सरकार की गलत नीतियों से बनी गैस की किल्लत

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि गलत नीतियों के कारण पेट्रोलियम पदार्थों के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, जिससे महंगाई पर नियंत्रण नहीं हो पा रहा है। उन्होंने मांग की कि गैस सिलेंडर के दामों में तुरंत कमी की जाए और आम जनता को राहत दी जाए। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार की नीतियों के प्रति आमजन को जागरूक करते हुए जनहित में संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया।

## कमर्शियल गैस के संकट को लेकर होटल हलवाई संघ ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**ब्यावरा।** शहर में कमर्शियल गैस की किल्लत को लेकर होटल एवं हलवाई व्यवसाय से जुड़े व्यापारियों ने सोमवार को एसडीएम कार्यालय पहुंचकर अपनी समस्या रखी। होटल हलवाई संघ ब्यावरा के नेतृत्व में व्यापारी महासंघ जिला अध्यक्ष संपत मोदानी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम गोविंद दुबे से मुलाकात कर शहर के होटल व्यवसायियों को कमर्शियल गैस उपलब्ध कराने की मांग की। व्यापारियों ने बताया कि शहर में कमर्शियल गैस की कमी के कारण होटल और खाद्य व्यवसाय प्रभावित हो रहे हैं, जिससे व्यापार सुचारू रूप से संचालित करने में परेशानी आ रही है। उन्होंने प्रशासन से जल्द गैस आपूर्ति सुचारू कराने की मांग की। इस पर एसडीएम गोविंद दुबे ने व्यापारियों को आश्वस्त किया कि समस्या का शीघ्र निराकरण किया जाएगा और संबंधित विभाग से चर्चा कर आवश्यक व्यवस्था कराई जाएगी। इस दौरान ब्यावरा अग्रवाल समाज अध्यक्ष जुगल अग्रवाल, होटल हलवाई संघ अध्यक्ष दीपक नाटाणी, मुकेश गुप्ता, पार्षद ज्ञानू विजयवर्गीय, चंदन जादौन, सतनारायण साहू, केवल जैन, नितिन गुप्ता, महेश साहू, अशोक शर्मा, मोहन पुष्पद आदि व्यापारी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि शहर सहित जिले भर में पिछले एक पखवाड़े से गैस संकट की खबर फैलने के बाद से रसोई गैस को लेकर लोगों में परेशानी बढ़ गई है। घरेलू गैस के लिए लोग सिलेंडर के लिए गैस एजेंसियों पर बड़ी संख्या में पहुंच रहे है। इसमें कई उपभोक्ता तो आगामी दिनों में गैस संकट और गहराने की संभावना को लेकर एडवांस में गैस सिलेंडर लेकर रख रहे है। इससे एजेंसियों पर भीड़ भी दिख रही है। वही व्यवसायिक क्षेत्र में होटल, चाय, नाश्ता की दुकानों पर व्यवसायियों को कॉमर्शियल गैस नहीं मिलने से खासी परेशानी और नुकसान का सामना भी करना पड़ रहा है। इसको लेकर व्यापारियों में खासा आक्रोश व्याप्त है।

## न्यूज कार्नर

### 11 दिन की मोटर साइकिल यात्रा से लौटे दंपति का किया स्वागत



**नरसिंहगढ़।** नगर के मध्य स्थित चोपड़ा हनुमान मंदिर समिति द्वारा अयोध्या यात्रा से लौटे नव दंपति दिनेश कुशवाह एवं उनकी पत्नी जिनके द्वारा मोटर साइकिल से ग्यारह दिनों में अयोध्या धाम के नवनिर्मित भव्य राम मंदिर में विराजमान रामलला के दर्शन कर वापस लौटने पर दिनेश कुशवाह को भक्त का भव्य स्वागत किया गया। दिनेश द्वारा बताया गया कि सवा महीने पहले संकल्प किया था कि जब तक में अयोध्या धाम नहीं जाऊंगा तब तक नंगे पैर ही रहूंगा नंगे पैर ही मोटरसाइकिल से पत्नी सहित 11 दिन की यात्रा कर लौटने पर चोपड़ा हनुमान मंदिर पर मृत्युंजय एकता परमार्थ सेवा समिति ने मिलकर स्वागत किया, जिनमें पंडित सुरेश शास्त्री, सीताराम जोशी सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### गुर्जर गौड़ ब्राह्मण महिला मंडल ने मनाया फाग उत्सव



**ब्यावरा।** श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज नगर सभा महिला मंडल ब्यावरा द्वारा उत्साह और उल्लास के साथ फाग उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने सूखे रंग और फूलों से होली खेलते हुए स्वच्छता का संदेश भी दिया। समाज अध्यक्ष सरिता शर्मा ने बताया कि अहिंसा द्वार के समीप स्थित गौतम मांगलिक परिसर में रविवार शाम समाज की महिलाओं ने फाग उत्सव का आयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने राधा-कृष्ण और गोपियों का स्वांग धारण कर भजन व होली गीतों पर नृत्य किया और सूखे रंग, गुलाल तथा फूलों से होली खेलकर फाग उत्सव का आनंद लिया। कार्यक्रम में बालिका अक्षरा शर्मा ने भगवान कृष्ण का स्वांग धारण कर आकर्षक प्रस्तुति दी, जिसे उपस्थित महिलाओं ने खूब सराहा। समापन पर महर्षि गौतम की आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर गुर्जर गौड़ ब्राह्मण महिला मंडल की जिला अध्यक्ष रश्मि जोशी, नगर सभा महिला अध्यक्ष सरिता शर्मा, उपाध्यक्ष किरण उपाध्याय सहित समाज की बड़ी संख्या में महिला सदस्य उपस्थित रहीं।

### ईद को लेकर कमेटी ने किया ईदगाह का निरीक्षण



**सारंगपुर।** आगामी ईद-उल-फितर के पर्व को देखते हुए नगर की संडावता रोड स्थित ईदगाह मस्जिद मैदान का अलीम बाबा कुरैशी सदर अन्जुमन-ए-इस्लाम कमेटी सारंगपुर एवं अन्जुमन कमेटी के अन्य पदाधिकारी गणों के साथ मिलकर निरीक्षण किया गया। ईदगाह कमेटी के द्वारा व्यवस्थाएं दुरुस्त करने की मांग पर सीएमओ रानवे द्वारा निरीक्षण के दौरान नगर पालिका परिषद के अधिकारियों को निर्देश दिए कि ईदगाह और उसके आसपास के रास्तों पर कूड़े के ढेर न हों उन्होंने त्योहार से पूर्व नगर में विशेष सफाई कराने, चूना छिड़काव करने शहर की खराब स्ट्रीट लाइटों को सुधारने और नमाजियों के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था करने के निर्देश दिये। श्री रानवे द्वारा आपसी भाईचारे और शांतिपूर्ण ढंग से ईद का त्यौहार मनाने हेतु सदर अन्जुमन कमेटी सारंगपुर से चर्चा की। ईद 20 या 21 मार्च को चंद्रदर्शन के अनुसार मनाई जाएगी। मुख्य नमाज ईदगाह में सुबह 8.45 बजे नगर की ईदगाह मस्जिद मैदान पर अदा की जाएगी। अलीम बाबा कुरैशी ने जनहित में इन व्यवस्थाओं को समय से पूरा कराने का अनुरोध किया है ताकि नमाजियों को किसी असुविधा का सामना न करना पड़े।


**दैनिक जागरण**

समाचार व फोटो निम्न मेल पर भेजे।

jagranbiaora@gmail.com

94250-22183

E- पेपर के लिए इस साइट पर जाए www.dainikjagranmpcg.com

-: जिला कार्यालय :-

रोकस काम्प्लेक्स, पुराना अस्पताल परिसर, ब्यावरा (राजगढ़)


### भाजपा के एक दिवसीय पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग का समापन, कार्यकर्ताओं को दी जानकारी

# भाजपा सरकार ने मप्र को विकसित प्रदेश बनाया : सक्सेना



**जागरण, ब्यावरा**

भारतीय जनता पार्टी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत ब्यावरा मंडल में आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का समापन हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा, अंत्योदय के सिद्धांत और सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दूसरे दिन 16 मार्च को पांच सत्रों में प्रशिक्षण आयोजित किया गया। विभिन्न सत्रों में भाजपा जिला महामंत्री देवीसिंह सौधिया, निर्मल जैन, लोकेंद्र गुर्जर और जगदीश नागर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। समापन सत्र में भाजपा महिला मोर्चा की जिला महामंत्री नीलम सक्सेना मुख्य वक्ता रहीं, जबकि अध्यक्षता नपा अध्यक्ष श्रीमती लीला देवी कुशवाह ने की।

इस दौरान नीलम सक्सेना ने कहा कि भाजपा सरकार ने मध्य प्रदेश को बीमारू राज्य की श्रेणी से निकालकर विकसित प्रदेश बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन की नीतियों और सरकार की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने का आव्हान किया। प्रशिक्षण शिविर में कार्यकर्ताओं को भाजपा का इतिहास, विकास यात्रा, वैचारिक अधिष्ठान, संगठन की कार्यपद्धति, बूथ प्रबंधन और कार्य विस्तार की रणनीति की जानकारी दी गई। साथ ही सोशल मीडिया, एआई तकनीक, नमो ऐप और सरल ऐप के उपयोग, मन की बात, टिफिन बैठक तथा आगामी कार्यक्रमों के क्रियान्वयन जैसे विषयों पर भी विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर ब्यावरा मंडल अध्यक्ष राजू यादव और गिदौरहाट मंडल अध्यक्ष बलवंत सौधिया ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान वंदे मातरम् और राष्ट्रगान का गायन भाजपा मंडल उपाध्यक्ष रुचि रवि बंडोने ने कराया, जबकि संगठन गीत पार्षद हेमलता शर्मा द्वारा प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम में पूर्व राज्यमंत्री बद्रीलाल यादव, पूर्व नपाध्यक्ष अखिलेश जोशी, मानसिंह राजपूत, अमित शर्मा, इंदर सिंह लववंशी, मोहन पवार, मंडल महामंत्री सुमित सोलंकी, दीपक सामरे, मंडल उपाध्यक्ष सोनू जाटव, बनवारी कुशवाहा, नवल कुशवाहा, बनवारी पुष्पद, मंडल मंत्री सोनू सोनी, भारत मोगिया, हिमांशु शर्मा, कपिल मीणा, गिरराज लववंशी, कृष्ण शाक्यवार, लखन लोधी, नंदन सिलावट सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### किसान यूनियन की महापंचायत आज

**ब्यावरा।** भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति के आव्हान पर 18 मार्च बुधवार को सुबह 11.30 बजे ब्यावरा स्थित श्री अंजनी लाल मंदिर परिसर में किसान महापंचायत का आयोजन किया जाएगा। इस महापंचायत का नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष राम जगदीश दांगी करेंगे। महापंचायत में किसान और मजदूरों की विभिन्न समस्याओं को लेकर चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम में प्रदेश कार्यकारिणी, जिला कार्यकारिणी, ब्लॉक कार्यकारिणी और ग्राम कार्यकारिणी के पदाधिकारी एवं सदस्य शामिल होंगे। संगठन से जुड़े सभी पदाधिकारियों और किसान-मजदूर भाइयों से अधिक से अधिक सं या में उपस्थित होने की अपील की गई है। इस दौरान दोपहर 2 बजे प्रशासन को किसानों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन भी सौंपा जाएगा। साथ ही संगठन को मजबूत बनाने और आगे की रणनीति तय करने पर भी विचार किया जाएगा तथा पदाधिकारियों को नई जि मेदारियां दी जाएंगी। उन्होंने कहा कि किसान-मजदूरों की आवाज को मजबूत करने के लिए सभी का साथ जरूरी है।

## छात्रा की ट्रेन से कटकर मौत, तीन भागों में बंटा शरीर, जांच शुरू



**जागरण, ब्यावरा**

देहात थाना क्षेत्र में एक छात्रा ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। घटना सोमवार देर रात भोपाल बायपास स्थित कचनारिया आईटीआई के सामने की बताई जा रही है। देहात थाना पुलिस के एएसआई गुलाब सिंह धाकड़ के अनुसार पचोर से ब्यावरा की ओर आ रही ओखा-गोरखपुर एक्सप्रेस के लोको पायलट ने रेलवे स्टेशन पर सूचना दी थी कि कचनारिया आईटीआई के सामने एक युवती ट्रेन के सामने आ गई है। इसके बाद स्टेशन के ऑन-ड्यूटी डिप्टी एसएस ने तत्काल पुलिस को सूचित किया।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, जहां युवती का शव मिला। जांच के दौरान उसकी पहचान पड़ोनिया निवासी टीना दांगी (22) पिता हरिनारायण दांगी के रूप में हुई। परिजनों ने बताया कि टीना सेकंड ईयर की पढ़ाई कर रही थी और साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी कर रही थी। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा और बाद में परिजनों को सौंप दिया। फिलहाल युवती ने यह कदम क्यों उठाया, पुलिस इसकी जांच की जा रही है।

परिजनों के अनुसार सोमवार को टीना का व्यवहार सामान्य था। शाम को उसने अपने पिता को चाय बनाकर पिलाई और गांव में भी सामान्य रूप से दिखाई दी थी। ऐसे में किसी को भी अंदेशा नहीं था कि वह इतना बड़ा कदम उठा सकती है। पुलिस ने अनुसार परिजनों के बयानों और जांच के बाद मामले की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

**तीन हिस्सों में मिला शव :** घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर लिया है। पुलिस ने बताया कि युवती का शरीर तीन हिस्सों में बंट गया था। सिर घटना स्थल से करीब 300 मीटर दूर मिला। जबकि पैर का पता नहीं चला। पुलिस ने 6 किमी तक छात्रा का एक पैर तलाशा, लेकिन नहीं मिला। पुलिस ने आशंका जताई कि ट्रेन से टकराने पैर ट्रेन के इंजन में फंसकर आगे चला गया हो।

## फाग उत्सव : भव्य भजन संध्या आज अयोध्या के गायक देंगे प्रस्तुति

**जागरण, ब्यावरा**

शहर में श्याम सुदामा मित्र मंडल द्वारा 18 मार्च, बुधवार को शाम 7 बजे से अग्रवाल धर्मशाला में छठे फाग महोत्सव के अंतर्गत भव्य भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

आयोजकों के अनुसार भजन संध्या में अयोध्या के भजन गायक सचिन गुप्ता, भोपाल की भजन गायिका प्रिया गुप्ता और बीजलपुर के भजन गायक शिवम सोनी बाबा खाटू श्याम के एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति देंगे।





**बाबा श्याम का होगा अद्भुत श्रृंगार**

फाग महोत्सव के अवसर पर बाबा खाटू श्याम का भव्य दरबार भी सजाया जाएगा। इस दौरान फूलों से श्रीनाथजी के स्वरूप में बाबा श्याम का विशेष श्रृंगार किया जाएगा, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे।

### गेहूं के ढेर में लगी आग, 80 क्विंटल फसल जलकर राख

**ब्यावरा।** क्षेत्र के ग्राम कासोरकला में देर रात गेहूं के ढेर में अचानक आग लगने से किसान को भारी नुकसान हो गया। आगजनी की घटना रात करीब 1 बजे की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार ग्राम कासोरकला निवासी शिवराज मीणा पिता किशनलाल मीणा के खेत में रखे गेहूं के ढेर में अचानक आग लग गई। आग लगने से करीब 10 बीघा खेत की उपज में से लगभग 80 क्विंटल गेहूं जलकर पूरी तरह खाक हो गया।

आग लगने की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक काफी मात्रा में गेहूं जल चुका था। आग लगने का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो पाया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले की जांच कर पीड़ित किसान को आर्थिक सहायता देने की मांग की है।

## गेंती से दानपेटी तोड़कर नगदी-बाल्टी में भर ले गया चोर

**जागरण, ब्यावरा**

राजगढ़ के प्रसिद्ध खोयरी महादेव मंदिर में मंगलवार सुबह एक बार फिर चोरी की वारदात सामने आई है। सुबह 5 बजकर 48 मिनट पर एक नकाबपोश युवक मंदिर परिसर में दाखिल हुआ और महज 5 मिनट के भीतर दानपेटी तोड़कर उसमें डली नगदी लेकर फरार हो गया। पूरी घटना मंदिर में लगे सीसीटवी कैमरों में कैद हो गई है। मंदिर में एक साल के भीतर चोरी की यह दूसरी घटना है। इससे पहले 7 जून 25 को भी दान पेटी को अज्ञात चोर ने तोड़ा कर पेसो की चोरी की थी। मंदिर समिति ने बताया कि दानपेटी को शिवरात्रि के कुछ दिन बाद खोला गया था इसके बाद से दानपेटी नहीं खोली गई। इसमें कितने रूपए थे इसका अंदाजा नहीं है। नकाबपोश अज्ञात चोर नंदी हॉल में रखी बड़ी दानपेटी के पास पहुंचा। जहां मंदिर परिसर में पड़ी लोहे की



गेती और पत्थर से दानपेटी का ताला तोड़ा। वहीं रखी प्लास्टिक की बाल्टी में दानपेटी से जमा नकदी भरकर ले गया। पूरी वारदात को उसने बेहद सुनियोजित और बेखौफ अंदाज में अंजाम दिया और सुबह 5 बजकर 53 मिनट पर मौके से फरा हो गया। चोरी की पता पुजारी सुबह 7 बजे आरती के लिए पहुंचे तब चला। नंदी हॉल में गेती और पत्थर पड़े देखे और दानपेटी टूटी हुई पाई। इसके बाद उन्होंने तुरंत मंदिर समिति अध्यक्ष को दी। इसके बाद सिटी कोतवाली में मंदिर में चोरी की शिकायत दर्ज कराई।

### गुड़ी पड़वा पर होगा नववर्ष विक्रम संवत का भव्य स्वागत

**राजगढ़।** नववर्ष आयोजन समिति राजगढ़ द्वारा लगातार 16वें वर्ष विक्रम संवत 2083 के प्रथम दिन गुड़ी पड़वा के अवसर पर विशेष आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत 19 मार्च को प्रातः स्थानीय सूर्योदय समय 6 बजकर 21 मिनट पर सूर्य की पहली किरण के साथ सूर्य भगवान को अर्ध्य देकर नववर्ष का भव्य स्वागत किया जाएगा।

नववर्ष आयोजन समिति के अध्यक्ष साकेत शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर नेवज तट छोटे पुल पर शंख, घंटियों, ढोल-ढमाकों और आतिशबाजी के साथ सूर्य भगवान एवं मां नेवज मैया की आरती की जाएगी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होंगे।

**धर्म** कथा पंडाल के पास किया पौधरोपण, कथा को प्रकृति व पर्यावरण को किया समर्पित

# दुख आता है तो भगवान के प्रति करुणा बढ़ती है : प्रेमनारायण



**जागरण, सुठालिया**

जब दुख आता है तो भगवान के प्रति करुणा बढ़ती है। दुख आता है तो पुराने किये हुए बुरे कर्म कटते है। रोना, संसार की वस्तुओं के लिए नही आना चाहिए, भगवान के किये रोना चाहिए, मीरा जी ने जहर का प्याला हंस के पीया, ओर भगवान के लिए रोई तो सशरीर मूर्ति में समा गई। उक्त बात स्थानीय पिलाखाल खेल मैदान पर चल रही भागवत कथा के दूसरे दिन कथा प्रवक्ता प्रेमनारायण जी गेहूखेड़ी वाले ने व्यक्त किए ।

**प्रकृति व पर्यावरण को समर्पित है ये कथा :** सुनील सरावत मित्र द्वारा आयोजित इस कथा हर रोज हजारों लोग कथा श्रवण कर रहे। वही कथा में रात्रि विश्राम करने वाले के लिए भोजनशाला का संचालन भी हो रहा है लेकिन ये कथा प्रकृति व पर्यवारण को समर्पित है। पूरे आयोजन में पॉलीथिन का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित है। वही कथा में हर रोज कथावाचक प्रेमनारायण जी द्वारा हर रोज वृक्षारोपण कर इसे लगाने का संकल्प भी मंच से दिलाया जा रहा है।

**आध्यात्म में पेड़ की बहुत महिमा है, एक पेड़ काटे तो दस पेड़ लगाएं :** पेड़ औषधालय हे हवा देते हे पेड़ भोजन देते हे पेड़ प्रतिक्षालय हे छाव देते हे । पेड़ अवश्य लगाए किसी के भरोसे मत रहो पेड़ लगाओ पुत्र सुख नहीं देंगे लेकिन पेड़ आपको छांव देंगे। इस दौरान नारायण सिंह सालरियाखेड़ी, अशोक अग्रवाल, पर्वत सिंह खनोटा, महेश पालीवाल, श्याम सिंह चौहान, कमल सिंह पंवार, राधेश्याम खांकरा, पुष्पा पंवार, ललित सोलंकी सहित हजारों श्रोताओं ने कथा श्रवण की।

### पुरुषार्थ सीखना है तो वृक्ष से सीखो, ये भी भगवान के अंश

वृक्ष पुरुषार्थ करते हे, इनसे सीखे सबको छाया देते हे, दवा देते हे, फल देते है, वर्षा जल देते हे। जीवन में धन से पुरुषार्थ नही कर सकते हे तो पेड़ लगाए। लोग बड़े-बड़े मकान बना रहे समय आएगा तो इनका रख रखाव भी नही होगा, लेकिन पेड़ लगाओगे तो काम आयेंगे। उन्होंने कहा कि सुख ताल में गंगा किनारे सुख वट वृक्ष हे उज्जैन में सिद्ध वट हे यमुना किनारे बंशी वट हे कुरुक्षेत्र में अक्षय वट हे नासिक में पंच वटी हे।

## मप्र राज्य परिवहन भोपाल के लिए वसूल रहा 80 की जगह 100 रुपए किराया




**जागरण, नरसिंहगढ़**

जिला परिवहन विभाग के अधिकारी और मध्य प्रदेश राज्य परिवहन निगम की सांठ गांठ के चलते यात्री वाहन में नरसिंहगढ़ से भोपाल जाने वाले यात्रियों से निर्धारित किराया अस्सी के स्थान पर सीधा सो रुपए वसूला जा रहा है। वही नरसिंहगढ़ से कुरावर का किराया तीस के स्थान पर 50 रुपए तथा यहां से ब्यावरा का किराया तीस के स्थान पर भी सीधा पचास रुपए खुलेआम बस संचालकों के कंडक्टरों द्वारा अवैध वसूली किए जाने का मामला सामने आया है। जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण यह टिकट को फोटो में देखा जा सकता है जो टिकट यात्रियों को दिया जा रहा है उसमें नातो बस के नंबर और नाही बस संचालक का नाम दर्ज है ऐसे में कोई भी अनहोनी घटना अगर यात्री के साथ घट जाती है तो इसका जवाबदारी कौन होगा। इससे लगता है कि जिला परिवहन अधिकारी व मप्र राज्य परिवहन निगम के बस संचालकों की सांठ गांठ के चलते यह अवैध वसूली का गोरख धंधा चलाया जाकर यात्रियों की जेब पर सीधा डाका डाला जा रहा है।

जिला परिवहन अधिकारी से फोन पर संपर्क करना चाह तो लापरवाह अधिकारी द्वारा फोन उठाना उचित नहीं समझा जिला प्रशासन को शीघ्र ही इस संबंध में संज्ञान लेकर उचित कार्रवाई करने की आवश्यकता है।

# उद्योग, शिक्षा, सड़क, आधुनिक हवाई सेवाएं, मेट्रो रेल के विस्तार से प्रदेश और उज्जैन विकास की नई उँचाईयों को छू रहा है : मुख्यमंत्री

## बाल एवं कुमार श्रम अधिनियम के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक संपन्न





**जागरण उज्जैन।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि उज्जैन की पावन धरा पर, जहाँ बाबा महाकाल की कृपा कण-कण में व्याप्त है। आज विकास के एक नए अध्याय के सूत्रपात का साक्षी बनने पर हर्ष और गर्व के भावों को शब्दों में व्यक्त नहीं कर सकता। यह आयोजन उज्जैन के गौरवशाली भविष्य तथा सांस्कृतिक और सामाजिक अभ्युदय का शंखनाद है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास के माध्यम से समर्थ, समृद्ध और सशक्त विकसित भारत के दिव्य संकल्प की सिद्धि का प्रतीक भी है। इन विशाल निर्माण कार्यों और उत्कृष्ट नगरीय सुविधाओं से धार्मिक तीर्थाटन को बढ़ावा मिलेगा, जिससे स्थानीय व्यापार और अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी।यह उद्बोधन राज्यपाल श्री पटेल ने शिप्रा विहार में गीता भवन सहित लगभग 663 करोड़ के कार्यों के भूमिपूजन में दिया।

त्रिवेणी विहार में गीता भवन का निर्माण और प्रदेश के नगरीय निकायों में गीता भवन बनाने का निर्णय सराहनीय है। यह हमारी भावी पीढ़ी में सुसंस्कारों के बीजारोपण और ज्ञान-पुंज को सम्पूर्ण विश्व में आलोकित करने का दूरदर्शी कदम है। गीता भवन युवाओं, शोधार्थियों और नागरिकों को भारतीय ज्ञान-परंपरा, दर्शन और संस्कृति से जुड़ने का अवसर प्रदान करेगा,जो समाज में भारतीय सांस्कृतिक चेतना और आध्यात्मिक मूल्यों की मजबूती और विस्तार में सहयोगी होगा। उन्होंने कहा कि गीता केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन प्रबंधन, कर्तव्यबोध और मानव कल्याण का सार्वकालिक मार्गदर्शक ग्रंथ है। भगवद् गीता का निष्काम कर्म, कर्तव्यनिष्ठ जीवन-दर्शन का ज्ञान नई पीढ़ी में नैतिकता, अनुशासन और सकारात्मक विचारों के आधार को मजबूत बनाएगा।

प्रदेश में गीता भवन भारतीय ज्ञान-परंपरा, सांस्कृतिक पुनर-जागरण और वैचारिक संवाद को नई दिशा देने में सहयोगी होंगे। अंत में कहूँगा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और वैचारिक परिवर्तन का नया दौर शुरू हो गया है, अब हम सबका लक्ष्य और संकल्प विकसित भारत है। आशा है कि उज्जैन नगर जल एवं बिजली संरक्षण, स्वच्छता, पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता तथा अतिथि देवो भव की भावना के अनुरूप श्रद्धालुओं को उच्च गुणवत्ता की सुविधाएँ और सेवाएँ की उपलब्धता के द्वारा आदर्श आध्यात्मिक पर्यटन गंतव्य के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित करेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश और प्रदेश में नित्य नये विकास के कार्य किये जा रहे है। मध्यप्रदेश और उज्जैन भी नई अधोसरंचना विकास के कार्यों से अपनी एक नई पहचान बना रहा है। मध्यप्रदेश सुशासन से उद्योग, शिक्षा, सड़क, आधुनिक हवाई सेवाएं, मैट्रो रेल आदि के विस्तार से विकास की नई उँचाईयों को छू रहा है। राज्यपाल श्री पटेल की गरिमामयी उपस्थिति में सिंहस्थ 2028 दृष्टिगत एक और नवीन गीता भवन निर्माण सहित 663 करोड़ रूपये से अधिक की धनराशि के अलग-अलग विकास कार्यों का भूमिपूजन हो रहा है। चैत्र नवरात्रि, गुड़ी पड़वा हिन्दू नववर्ष के पावन पर्व के पूर्व जिले को नवीन सौगात मिल रही है। हाल ही में प्रधानमंत्री श्री मोदी की अध्यक्षता में आयोजित केन्द्रीय केबिनेट बैठक में 3 हजार 839 करोड़ रूपये की लागत से N II-75-2D बदनावर-पेटलावद-थांदला खण्ड को फोरलेन करने की स्वीकृति केन्द्र सरकार द्वारा प्रदान की गई है।

मुख्यमंत्री डॉ.. यादव ने कहा कि वर्तमान में सिंहस्थ 2028 महापर्व को ध्यान में रखते हुए 13 हजार करोड़ रूपये से अधिक के विकास कार्य चल रहे है। वर्ष 2026-27 में सिंहस्थ के लिए 3 हजार 60 करोड़ रूपये के कार्यों के लिए विशेष प्रावधान किया गया है। 364 करोड़ 37 लाख रूपये की लागत से मेला क्षेत्र के प्रमुख मार्गों के पुनर्निमाण के कार्य भी शुरू किये जा रहे है। उक्त कार्यों में शंकराचार्य चौराहे से भूखी माता, उजरखेड़ा हनुमान से बडनगर रोड, खाकचौक से वीर सावरकर चौराहा, गढ़कालिका से भर्तृहरि गुफा मार्ग, कार्तिक मेला ग्राउण्ड से नई खेड़ी मार्ग एम आर 22, एम आर 27 रोड मार्ग निर्माण जूना सोमवारिया से अंकपात आदि मार्गों का चौड़ीकरण कर फोरलेन और 6 लेन में परिवर्तित किया जा रहा है, जिससे श्रद्धालु सीधे घाटों तक सरलता से पहुंच सकेगें। साथ ही विक्रम नगर रेल्वे स्टेशन रेल्वे ओवर ब्रिज और नवीन गीता भवन की बड़ी सौगात उज्जैन वासियों को मिलने जा रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश भर में निरंतर विकास का क्रम जारी है। किसान कल्याण वर्ष 2026 में किसानों और पशुपालकों की आय बढ़ाने के लिए प्रदेश सरकार कृत संकल्पित है। प्रदेश में पिछले सवा साल में दुग्ध उत्पादन में 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जिससे किसानों को पांच से आठ रूपये लीटर तक का लाभ प्राप्त हुआ है और उनकी आय में वृद्धि हुई है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में सांदीपनि विद्यालय, पीएम एक्सीलेंस महाविद्यालय प्रारंभ किये गये है। विद्यार्थियों को स्कूल आवागमन में सुविधा देने के लिए 5 लाख सायकल उपलब्ध कराई गई है।

## न्यूज कार्नर

### धर्मनिष्ठ वयोवृद्ध सुश्राविका राधाबाई मंडोवरा का निधन



**जागरण महिदपुर।** महिदपुर रोड़ की धर्मिष्ट वयोवृद्ध सुश्राविका राधाबाई मंडोवरा का 87 वर्ष की उम्र में निधन हो गया, सोमवार को निवास स्थान से निकली अंतिम यात्रा में सैकड़ों नगरवासी जनप्रतिनिधि पत्रकार बंधु, रिश्तेदार सम्मिलित हुए। मुक्तिधाम पर पुत्र राजेंद्र कुमार दिनेश कुमार (पत्रकार दैनिक भास्कर) सतीश कुमार,संजय कुमार मंडोवरा परिवार द्वारा मुखाग्नी दी गई। मुक्तिधाम पर शोकसभा का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता विधायक दिनेश जैन बोस ने की, श्रद्धांजलि सभा में नगर के पूर्व जिला पंचायत सदस्य कमल किशोर त्रिवेदी, सरस्वती शिशु मंदिर अध्यक्ष राजेश कांठेड, नरेश शर्मा पत्रकार, योगेन्द्र सिंह शाक्य, राकेश पंड्या, राम गुलाटी, रमेश मोहता, प्रकाश माहेश्वरी, प्राचार्य रामेश्वर परमार, संदीप भंडारी, सचिन भंडारी, कैलाश गट्टानी, डाक्टर अमित वर्मा,अजय चोरड़िया योग गुरु मनोहर लाल राठौर, आदि जनप्रतिनिधि, पत्रकार बंधु, नगर के समाज सेवियों, गणमान्य नागरिकों द्वारा दिवंगत आत्मा को उनके द्वारा जीवन में किए हुए सद् कार्यों को याद किया। उक्त जानकारी नगर के सामाजिक कार्यकर्ता एवं जैन समाज के मिडिया प्रभारी सचिन भंडारी।

### भड़के किसान,सड़क पर उतरकर किया चक्काजाम

**महिदपुर।** स्थानीय कृषि उपज



मंडी में नीलामी के दौरान भाव कम किए जाने से नाराज किसानों ने मंडी के बाहर मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। लंबे समय तक चले इस विरोध प्रदर्शन के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई।प्रदर्शनकारी किसानों का आरोप है कि मंडी में नीलामी प्रक्रिया के दौरान पारदर्शिता का अभाव है। किसानों ने बताया कि उनकी उपज की प्रारंभिक बोली ?2200 प्रति क्विंटल तक लग चुकी थी, लेकिन बाद में व्यापारियों और मंडी प्रबंधन की मिलीभगत से उसे घटाकर ?2000 कर दिया गया। किसानों ने भाव में हुई इस अचानक कटौती को अपनी मेहनत पर डाका बताया। आक्रोशित किसानों का कहना था कि यह उपज हमारी 4 महीने की खून-पसीने की मेहनत है। जब बोली एक बार तय हो गई, तो उसे कम करना किसानों के साथ सरासर अन्याय है। हम लागत भी नहीं निकाल पा रहे हैं। चक्काजाम की सूचना मिलते ही एसडीएम अजय हिंगे दलबल के साथ मौके पर पहुँचे। उन्होंने किसानों की समस्याओं को सुना और व्यापारियों व मंडी सचिव से चर्चा की। एसडीएम ने किसानों को उचित दाम दिलवाने और नीलामी प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने का ठोस आश्वासन दिया। प्रशासन की समझाइश और कार्रवाई के भरोसे के बाद में किसानों ने जाम समाप्त किया, जिसके बाद यातायात बहाल हो सका।

## महिदपुर विद्युत विभाग में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस को लाइन मेन दिवस के रूप में मनाया गया



**जागरण महिदपुर ।** म.प्र.प.क्षे.वि. वि.कं.लिमि. इंदौर कंपनी प्रबंधन द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार कम्पनी के लाईन मेन एवं मैदानी कर्मचारियों द्वारा निरंतर निर्बाध विद्युत प्रदाय हेतु विषम परिस्थितियों में कार्य किए जाने एवं उनके कार्यों की सराहना एवं सम्मान हेतु राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के परिप्रेक्ष्य में दिनांक 16-03-2026 को संचा./संधा. महिदपुर में लाईन मेन दिवस ट्ट्टघर से घर तक अभियानट्ट्ट के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में लगभग 75 कर्मचारी परिवार सहित उपस्थित रहे।

जिसमें कार्यपालन यंत्री द्वारा बिजली उत्पादन से लेकर उसके वितरण तक की जानकारी स्वंय द्वारा निर्मित सचित्र पी.पी.टी.को प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रदर्शित करते हुए लाईन मेन के द्वारा किए जाने वाले कार्यों को कैसे सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करना व कार्य करते समय कौन-कौन सी सावधानियां बरतना। इस पर प्रकाश डाला एवं कर्मचारी के परिवार जनों से भी लाईन कर्मियों को सुरक्षा उपकरणों का प्रयोग कर सुरक्षा नियमों के पालन करवाने की अपील की उक्त कार्यक्रम में कंपनी स्तर से प्रदत्त लघु फिल्म (विडियो) को भी प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रदर्शित किया गया।

कार्यक्रम में महिदपुर (संचा./संधा.) संभाग के अंतर्गत समस्त वितरण केन्द्रों के प्रभारी अधिकारी हेमेश बंसल, सहायक यंत्री, हेमंत चौहान, लाला भईया सिंह प्रियंका झोरे, कनिष्ठ यंत्री उपस्थित रहे।

## बाल देखरेख संस्थाएं बच्चों का समुचित विधिक पुनर्वास सुनिश्चित कर बाल श्रम रोकथाम का कड़ाई से पालन करें : कलेक्टर सिंह



**जागरण उज्जैन ।** कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने जिले की सभी बाल देखरेख संस्थाओ में बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं यथाशीघ सभी बच्चों का विधिक प्रक्रियानुसार यथोचित पुनर्वास करने के लिए सभी संचालकों को निर्देशित करते हुए बच्चों के सर्वोत्तम हित में जिला बाल संरक्षण इकाई के माध्यम से सभी आवश्यक कार्य करने हेतु निर्देशित किया है कलेक्टर श्री सिंह जिला बाल संरक्षण इकाई वन स्टॉप सेंटर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ टास्क फोर्स संयुक्त समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित सदस्यों को संबोधित कर रहे थे।

बैठक म मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिप श्री श्रेयांस कुमट द्वारा संस्थागत सभी बच्चों के आधार, ई के याई सी पूर्ण करने तथा आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु भी उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

जिला कार्यक्रम अधिकारी बृजेश त्रिपाठी से प्राप्त जानकारी अनुसार समीक्षा बैठक में जेजेबोर्ड सदस्त श्री आरोनिया ने बाल श्रम निवारण संबंधी जानकारी दी जबकि बाल कल्याण समिति सदस्यों ने भी लीगल फ्री हेतु की जा रही कार्यवाही की जानकारी से अवगत कराया।

कलेक्टर महोदय द्वारा बैठक में प्रशासक वन स्टॉप सेंटर को सफलता की कहानी प्रकाशित कराने तथा आवश्यक हेल्प लाइन नम्बर का व्यापक प्रचार प्रसार करने हेतु आदेशित किया गया ..!!!इसी प्रकार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत बाल विवाह रोकथाम कानून दहेज प्रतिषेध अधिनियम के लिए स्थानीय लोक परम्पराओं पर आधारित जन जागरूकता कार्यक्रम की निरंतरता पर बल दिया गया..इस हेतु अक्षय तृतीया पर उड़नदस्तों के माध्यम से बाल विवाह रोकथाम कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु भी आवश्यक दिशा निर्देश बैठक में दिए गए।

बैठक में श्रम उपायुक्त सुश्री राखी जोशी, संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय श्री सतीश कुमार सोलंकी, जिला शिक्षा अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रतिनिधि सहित संस्थाओं के अधीक्षक आईसीपीएस अमला सहित संबंधित विभागों के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## एसोसिएशन के उपाध्यक्ष डॉ.चौधरी के आकस्मिक निधन से पेंशनर्स समाज में गहरा शोक



**जागरण उज्जैन।** अशोक दुबे, जिला अध्यक्ष, प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन उज्जैन ने शोकसभा आयोजित कर पीपीए उज्जैन के उपाध्यक्ष स्व. डॉ. प्रभु चौधरी को श्रद्धांजलि दी।

शोकसभा में बड़ी संख्या में पेंशनर्स संघ के सदस्य एवं पदाधिकारीगण उपस्थित हुए। उपस्थितजनों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा तथा उनके सामाजिक एवं संगठनात्मक योगदान को स्मरण किया। इस अवसर पर कोमल भूतड़ा संभागीय अध्यक्ष, चंद्रशेखर जोशी जिला सचिव, डॉ. स्वामीनाथ पाण्डेय मीडिया प्रभारी, रामदयाल शर्मा, नरेंद्र लंजवार, राकेश शर्मा, कैलाशचंद्र राठौर, जयशंकर पाण्डेय, सुभाषचंद्र दुबे, अशोक श्रीवास्तव, मदनलाल मालवीय, बालमुकुंद गंधे, राधेश्याम शर्मा सतीश अतुरकर, श्रीकांत जोशी, सुभाष जोशी, रमेशचंद्र व्यास, सुरेश भारद्वाज, दिनेशचंद्र व्यास, ओमप्रकाश सूर्या, हुकमचंद गेरा, महेश पंडित, अनु मौर्य, श्रीमती करुणा अवस्थी, संजय सोनी आदि उपस्थित हुए।

## सूर्य की प्रथम किरण को अर्घ्य देकर होगा नव संवत्सर का स्वागत

**उज्जैन।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी विक्रमोत्सव 2026 के अंतर्गत अनुष्ठान मंडपम ज्योतिष अकादमी एवं नवसंवत्सर अभिनंदन समारोह समिति द्वारा भारतीय नव वर्ष का भव्य स्वागत किया जाएगा। 19 मार्च, गुरुवार को प्रातः 5 बजे दत्त अखाड़ा स्थित क्षिप्रा तट पर यह आयोजन होगा। सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम प्रारंभ होगा, जिसके बाद वैदिक विद्वानों द्वारा मंगलाचरण किया जाएगा।

साधु-संतों के सानिध्य में मां क्षिप्रा का पंचामृत पूजन कर सौभाग्य सामग्री अर्पित की जाएगी। प्रातः 6.32 बजे सूर्य की प्रथम किरण को अर्घ्य देकर एवं आदित्य हृदय स्तोत्र के पाठ के साथ भगवान सूर्य का विशेष पूजन किया जाएगा। महिलाओं द्वारा गुड़ी एवं ध्वज का पूजन किया जाएगा। इसके बाद यही ध्वज भगवान महाकाल के शिखर पर लगाया जाएगा। संतों के आशीर्वचन तथा नीम एवं मिश्री के प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

## आज धूमधाम से मनाई जाएगी राजा टोडरमल जयंती बद्रीविशाल मंदिर से निकलेगी विशाल शोभायात्रा

**जागरण नागदा।** पोरवाल समाज द्वारा आज राजा टोडरमल जी की जयंती धुमधाम से मनाई जावेगी। इस अवसर पर श्री बद्रीविशाल मंदिर में कई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए है। सुबह 10 बजे राजा टोडरमल जी की प्रतिमा का दूध से अभिषेक होगा, दोपहर 2 बजे से श्री बद्रीविशाल मंदिर से राजा विशाल शोभायात्रा निकाली जावेगी।

जो नगर के महात्मा गांधी मार्ग, जवाहर मार्ग, रामसहाय मार्ग होते हुए श्री बद्रीविशाल मंदिर पहुंचेगी। संध्या 6 बजे राजा टोडरमलजी की प्रतिमा की पुजा अर्चना व महाआरती होगी। शोभायात्रा में घोड़ा, बेण्ड पार्टी, ढोल, झाबुआ की आदिवासी मंडली, देपालपुर की ढोल पार्टी आकर्षण का केन्द्र रहेगी। महाआरती के पश्चात समाजजनो की महाप्रसादी का आयोजन होगा।



पोरवाल समाज अध्यक्ष व उत्सव समिति के ज्ञानेश्वर पोरवाल, समाजसेवी नन्दकिशोर पोरवाल, बद्रीलाल पोरवाल, सुरेन्द्र पोरवाल, कैलाशचन्द्र खजुरीवाला, डॉ. सुनिल चौधरी, अशोक पोरवाल एडवोकेट, रमेशचन्द्र फरक्या, बाबुलाल धनोतिया, भंवरलाल पोरवाल, नागुलाल पोरवाल, कमल पोरवाल, विजय पोरवाल, श्याम पोरवाल, राकेश वेद, बद्रीलाल सेठिया, मनीष पोरवाल राधिका, राकेश फर्नाखेडी, पियुष सेठिया, अनिल मोहनभोग, दिनेश वेद, संजय पोरवाल, लोकेन्द्र कामरिया, योगेश पोरवाल, पवन पोरवाल, राजेश पोरवाल, दिलीप मेहता, राजेश मोदी, अंकित सेठिया, दिलीप सेठिया, टी.टी. पोरवाल, प्रमोद मेहता, सुनिल पोरवाल, देवेन्द्र सेठिया, प्रदीप कामरिया, प्रकाश मंडावल, पुष्कर पोरवाल, दिलीप गजानंद, चम्पालाल पोरवाल, राहुल पोरवाल, पंकज पोरवाल, मांगीलाल पोरवाल, राकेश पोरवाल, शरद सेठिया सहित समिति सदस्यो, पोरवाल समाजजनो, महिलाओं व युवा साथियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने का अनुरोध समाजजनो से किया है। यह जानकारी योगेन्द्र पोरवाल ने दी है।

## चैत्र प्रतिपदा गुड़ी पड़वा पर निकलेगा विशाल धर्म ध्वज चल समारोह, विक्रमादित्य टीले पर फहराएगी सबसे ऊंची ध्वजा

### आयोजन में बड़ी संख्या में संत-महात्मा, बटुक ब्राह्मण, शंख ध्वनी, बैंड, महिला भजन मंडली शामिल होंगे



**जागरण उज्जैन।** श्री करपात्री कल्याण आश्रम बड़वाह एवं विक्रमादित्य नवसंवत् धर्म ध्वजा समिति के तत्वावधान में 19 मार्च को चैत्र प्रतिपदा गुड़ी पड़वा एवं हिंदू नववर्ष के उपलक्ष्य में विशाल धर्म ध्वज चल समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह चल समारोह प्रातः 8.30 बजे छत्री चौक से प्रारंभ होकर पटनी बाजार, चौबीस खंबा और हरसिध्दि की पाल होते हुए रूद्रसागर स्थित विक्रमादित्य टीले पर संपन्न होगा। समापन के पश्चात टीले पर सबसे लंबी और ऊंची धर्म ध्वजा फहराई जाएगी।

#### संतों के सान्निध्य में निकलेगी भव्य यात्रा

51 फीट लंबी ध्वजा के साथ निकलने वाले इस चल समारोह की अगुवाई मुख्य अतिथि वाल्मिकीधाम के पीठाधीश्वर बाल योगी श्री उमेश नाथ महाराज करेंगे। कार्यक्रम में गुरु मां डॉ. कल्याणी चैतन्य के शिष्य एवं करपात्री कल्याण आश्रम के अध्यक्ष श्री सच्चिदानंद महाराज द्वारा पधारे हुए प्रमुख संतों का सम्मान किया जाएगा।

समारोह में महामंडलेश्वर स्वामी श्री शैलेशानंद गिरीजी महाराज, महामंडलेश्वर भागवतानंद गिरी जी महाराज, महामंडलेश्वर श्री ज्ञानदासजी महाराज, स्वामी श्री अवधेशपुरीजी महाराज, महामंडलेश्वर प्रेमानंद गिरी जी महाराज, महंत मनीष दास जी गिरी एवं पं. गिरिश शर्मा गुरूजी सहित कई संत-महात्मा और शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे। संतों की उपस्थिति में ही पारंपरिक रूप से धर्म ध्वजा बदली जाएगी।

#### सिंहस्थ की पेशवाई जैसा होगा स्वरूप

संस्था ने इस चल समारोह को सिंहस्थ महापर्व में निकलने वाली पेशवाई जैसा भव्य स्वरूप देने का प्रयास किया है। आयोजन में बड़ी संख्या में संत-महात्मा, बटुक ब्राह्मण, शंख ध्वनी, बैंड, महिला भजन मंडली, इस्कॉन मंदिर की कीर्तन मंडली और गतका पार्टी शामिल होंगे। विशाल धर्म ध्वजा इस पूरे आयोजन में मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेगी।

#### धर्म प्रेमियों से सहभागिता की अपील

समिति के मुख्य आयोजक फूलचंद जरिया, श्याम जायसवाल, महेश तिलक, किरण कांत मेहता, डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल, देवेन्द्र राय, धर्मेन्द्र राठौर, योगेश साद, पंकज सोलंकी, गोपाल बागरवाल, घनश्याम चौधरी, महेंद्र कटियार, बुलबुल जायसवाल, जानू माली, मनोज ठाकुर, शारदा विशेन, लक्ष्मी लश्करी, पिंकी यादव, दुर्गा यादव, कविता राय और गीता यादव ने सभी धर्मानुरागी भक्तों, सामाजिक संगठनों एवं संस्थाओं से इस आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होकर विक्रम संवत 2083 का स्वागत धूमधाम से करने का अनुरोध किया है।

## फुलपाती कार्यक्रम का भव्य आयोजन, महिलाओं ने निभाई परंपरा

**उज्जैन।** अंकपात मार्ग स्थित गायत्री मंदिर पर मां शक्ति महिला मंडल समूह द्वारा फूलपति का आयोजन किया गया कार्यक्रम में समाज के महिलाओं ने उत्साह पूर्वक भाग लेते हुए पूरा आयोजन को श्रद्धा और उमंग के साथ संपन्न किया कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा धारण कर फुल पत्र यात्रा निकाली। इस दौरान महिलाओं ने दूल्हा दुल्हन का रूप धारण कर आकर्षक प्रस्तुति थी ढोल नगाड़े और भजन कीर्तन के साथ वातावरण पूरी तरह भक्ति में होगा कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला सदस्यों की उपस्थिति रही जिसमें पूर्व अध्यक्ष सहित अन्य वरिष्ठ सक्रिय सदस्य भी शामिल रही आयोजन के पश्चात महिलाओं द्वारा प्रसाद तथा भोजन ग्रहण किया गया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष श्रीमती श्यामा बेन, शांति बहन प्रेमलता बहन, शोभा बहन रचना बहन, वर्षा बहन, सरिता बहन, पिंकी बहन, वंदना बहन, अन्य सभी महिलाएं सक्रिय रूप से शामिल रहे। सभी ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया अंत में आयोजकों ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम समाज में एक ता और परंपराओं को मजबूत करते हैं।

## नवरात्रि के ९ दिनो में अंडा, मांस, मुर्गी की दुकानें बंद हों, एसडीएम को दिया ज्ञापन



**जागरण नागदा**-सामाजिक कार्यकर्ता शंकरलाल प्रजापत ने मंगलवार को ज्ञापन देकर अनुविभागीय अधिकारी से मांग की हे कि नवरात्रि के नौ दिनो में नगर के मंदिरो के पास स्थित अंडा, मांस-मुर्गी की दुकानो को बंद कर हटाया जाए नवरात्रि में माता-बहने मां नवदुर्गा की आराधना हेतु मंदिरो में सुबह शाम जाती है तथा मंदिरो के आसपास अंडा, मांस, मुर्गी विक्रय की दुकानो से धर्म भ्रष्ट होता है। इन दुकानो पर असामाजिक तत्वो का जमावाडा भी लगा रहता है जिससे माता-बहनो को बहुत परेशानी झेलनी पडती है।

प्रजापत ने बताया कि पूर्व में भी कई बार प्रशासन एवं नगर पालिका नागदा को पत्र देकर अवगत कराया गया परन्तु नपा द्वारा नगर में मंदिरो के आसपास स्थित अंडा, मांस व मुर्गी विक्रय दुकानो को हटाने की कार्यवाही नहीं की है।

प्रजापत ने बताया कि एसडीएम द्वारा तत्काल नागदा नगरपालिका को निर्देशित कर इन दुकानें को मंदिरो के आसपास से हटाने की कार्यवाही के लिये निर्देशित किया है।प्रजापत ने बताया कि प्रशासन मामले से संबंधित इंदौर हाई कोर्ट अवमानना याचिका सिविल नंबर 2130 ऑफ़ 2020 आदेश का पालन नहीं कर पा रही हे। खाद्य एवं औषधि प्रशासन जिला उज्जैन उपसंचालक महोदय द्वारा 20 लाइसेंस रद्द हुवे फिर भी वह दुकाने अब भी संचालित हो रही हे। गाइडलाइन के अनुसार अंडा, मांस, मुर्गी का विक्रय नवनिर्मित एक करोड़ की लागत का नपा द्वारा भवन मे मांस मुर्गी मार्केट में नही हो पा रहा है । इस भवन में रात के समय उपद्रवी भवन मे जुआ खेलते है। बाहुबली अल्पसंख्यक समुदाय नेता अपनी दुकानों को नपाकर्मी को घुस के पेसे दे कर खुले में मांस-मटन-मुर्गी विक्रय करते है। प्रजापत ने बताया कि सीएम हेल्पलाइन को बिना ओटीपी बिना अनुमति के फोर क्लोस्ड कर बंद नपा कर्मी बंद कर देते है।

## न्यूज कार्नर

### ट्रेन की चपेट में आने से मौत

**अशोकनगर।** देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले रेलवे ट्रेक पर एक व्यक्ति का शव मिला है। 15 मार्च की रात करीब साढ़े आठ बजे रेलवे ट्रेक के खंभा नंबर केएम 1048\02 एवं 1048\04 के बीच शव मिला था। मृतक की उम्र करीब 50.55 साल है। मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और शव की शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

### मारपीट से तंग आकर लटकी थी फांसी पर

**अशोकनगर।** देहात थाना क्षेत्र के ग्राम बहेरिया में एक महिला ने बीती 15 मार्च को अपनी टपरिया में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। इस मामले में पुलिस ने जांच की तो सामने आया है कि मृतिका ने अपने पति की प्रताडना से तंग आकर फंसी लगाई थीए जिसके बाद मृतिका के पति पर बीएनएस की धारा 85 और 108 के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। 32 वर्षीय मृतिका कलावती निवासी बहेरिया बांसखेड़ी को उसका पति जगदीश आदिवासी अक्सर शराब पीकर मारपीट करता था। घटना दिनांक को भी आरोपी ने लड़ाई झगड़ा किया और पत्नि के साथ मारपीट कर दी। मारपीट से प्रताड़ित होने पर कलावती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी।

### मोटरसाइकिल चोरी

**अशोकनगर।** बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले करीला मेला परिसर से एक व्यक्ति की मोटरसाइकिल चोरी हो गई है। दीपक पुत्र राजाराम यादव निवासी मंडीदीप रायसेन ने बहादुरपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बीती 8 मार्च को रंगपंचमी के अवसर पर मैं करीला मेला में गया था जहां बामौरीशाला रोड पहाड़ी के नीचे मैंने अपनी बाइक रख दी थीए जहां से अज्ञात आरोपियों ने मोटरसाइकिल चोरी कर ली है।

### पीछे से मारी टक्कर, पति-पत्नी और बच्चे घायल

**अशोकनगर।** नारायण पेट्रोलपंप के सामने एक बाइक ने दूसरी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। दुर्घटना में एक दंपत्ति और उनके दो बच्चे घायल हो गए हैं। दुर्घटना 11 मार्च की रात करीब साढ़े दस बजे की है। घायल अरुण अहिरवार ने पुलिस को बताया है कि अज्ञात बाइक चालक ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे मेरी पत्नि कीर्ति, बच्ची अनुष्का और बच्चा उमेश घायल हो गए हैं। पुलिस ने बीएनएस और मोटर व्हीकल एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

### खनिज विभाग ने ओवरलोड एम सैण्ड से भरा डम्पर किया जब्त



**जागरण, शिवपुरी।** कलेक्टर के आदेशानुसार एवं खनिज अधिकारी के मार्गदर्शन में दिनांक 16-03-2026 को प्रभारी खनिज निरीक्षक शिवपुरी सोनू द्वारा खनिज दल के साथ रात्रि मे शिवपुरी जिले के कस्बा अमोला में भ्रमण के दौरान एक वाहन हाईवा/डम्पर को अवैध ओवरलोड एम सैण्ड खनिज का परिवहन करते पाये जाने पर वाहन को जप्त कर पुलिस थाना सुरवाया की अभिरक्षा में दिया गया है। उक्त वाहन पर अवैध ओवरलोड परिवहन का प्रकरण दर्ज किया जाकर अर्थदण्ड राशि निर्धारण हेतु कलेक्टर न्यायालय शिवपुरी की ओर प्रेषित किया जा रहा है।

# गैस की किल्लत शुरु होते ही दोगुनी हुई मांग

## बुकिंग दो हजार की तो आपूर्ति में मिल रहे एक हजार सिलेंडर

**जागरण अशोकनगर।**

मध्य एशिया में छिड़े युद्ध के बाद पेट्रोलियम पदार्थों की कमी आने की अफ्वाह के बाद जिले में प्रतिदिन होने वाली एलपीजी की बुकिंग दोगुनी हो गई है। आलम यह है कि उपभोक्ता आवष्यकता के बजाय अतिरिक्त एलपीजी की व्यवस्था करने के लिए एजेंसियों पर पहुंच रहे हैं।

जिले में संचालित 15 गैस एजेंसियों पर पंद्रह दिन पहले जहां प्रतिदिन 1200 से 1400 सिलेंडर बिकते थे, अब 2000 से 2200 सिलेंडर बिक रहे हैं। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग का दावा है कि पंद्रह दिन पहले जो आपूर्ति जिले में हो रही थी, वही मौजूदा समय में हो रही है। विभागीय अधिकारियों का दावा है कि प्रतिदिन 342 सिलेंडरों की क्षमता वाली 3 से 4 गाड़ियां गुना स्थित प्लांट से जिले में आ रही हैं। फिर भी गैस सिलेंडर न मिलने की शिकायतों में लगातार वृद्धि हो रही है।

**सीएम हेल्पलाईन शिकायतों में** विभाग के पास माहवार औसतन 15 से 20 शिकायतें सीएम हेल्पलाईन पर आती थीं, अब उनका औसत 80 से 100 प्रति माह हो गया है। शिकायतों में बड़ी संख्या सिलेंडर न मिलने की है।




**चौगुनी वृद्धिः** गैस की किल्लत की अफवाह चलने के बाद उपभोक्ताओं में सिलेंडरों के लिए इतनी मारामारी है कि प्रशासन की तमाम अपीलों के बाद भी गैस एजेंसियों पर उपभोक्ताओं का जमावड़ा लग रहा है। उपभोक्ताओं द्वारा सिलेंडर न मिलने के बाद शिकायतें भी की जा रही हैं। पंद्रह दिन पहले जहां

**कुल उपभोक्ताओं में 80 प्रतिशत उज्जवला कनेक्शनः** बताया गया है कि जिले में कार्यरत कुल 15 गैस एजेंसियों पर कुल 177761 घरेलू कनेक्शन हैं। इनमें 141000 कनेक्शन उज्जवला योजना के तहत दिए गए हैं। उज्जवला योजना के तहत दिए गए कनेक्शनों में से करीब 50 प्रतिशत कनेक्शन लंबे समय से निष्क्रिय थे किंतु जैसे ही गैस की किल्लत की अफवाह चली तो इन कनेक्शनों से भी बुकिंग आने लगी है। विभाग का मानना है कि कालाबाजारी की जड़ में यही कनेक्शन हैं।

**अब तक 15 अवैध सिलेंडर जब्तः** राजस्व विभाग के साथ खाद्य विभाग द्वारा जिले भर में घरेलु सिलेंडर के अवैध इस्तेमाल पर कार्रवाई की जाने लगी हैं। बीते तीन दिनों में चारों विकासखंडों में कार्रवाई की गई हैं। इस दौरान कुल 15 सिलेंडर जब्त हुए हैं। इनमें से अशोकनगर में 4, चंदेरी में 6, ईसागढ़ में 3 और मुंगावली में 2 सिलेंडर जब्त किए गए हैं।

**इनका कहना है...**

हमारी उपभोक्ताओं से अपील है कि ऑनलाईन या फोन के माध्यम से बुकिंग करें, थोड़ा सा सब्र करें। सभी को गैस की आपूर्ति होगी। किसी की बातों में न आएं, अफवाहों पर ध्यान न दें।

**-प्राची शर्मा, प्रभारी जिला अधिकारी, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, अशोकनगर**

# प्रियदर्शिनी राजे करेंगी महिला सम्मेलन में शिरकत



**जागरण अशोकनगर।**

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की धर्मपत्नी प्रियदर्शिनी राजे सिंधिया बुधवार को एक दिवसीय प्रवास पर अशोकनगर पहुंचेंगी। इस दौरान वे स्टेशन के पास स्थित एक निजी पैलेस में आयोजित महिला सम्मेलन में मुख्य रूप से सहभागिता करेंगी। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर मंगलवार को सिंधिया जनसंपर्क कार्यालय पर पूर्व विधायक जजपाल सिंह जज्जी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में महिला सम्मेलन को सफल एवं भव्य बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही महारानी के नगर आगमन पर उनके भव्य स्वागत की तैयारियों पर भी विशेष रूप से विचार.विमर्श किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं की अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित करने, कार्यक्रम स्थल की व्यवस्थाओं, स्वागत व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक तैयारियों पर चर्चा हुई। साथ ही कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गईं ताकि आयोजन सुव्यवस्थित एवं सफ्लतापूर्वक संपन्न हो सके। इस दौरान भाजपा जिला पदाधिकारी, महिला मोर्चा पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, पार्षदगण व जनप्रतिनिधिगण सहित कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## प्रशिक्षणः ग्राम विकास को लेकर जागरूकता बढ़ाने पर जोर



**जागरण ईसागढ़।**

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वावधान में ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के लिए क्षमतावर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम सेक्टर-3 ढाकोनी आनंदपुर में आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम सेक्टर-3 श्री सिद्ध बाबा सोधना प्रचार-प्रसार समिति,शंकरपुर के सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति देना तथा समितियों को सशक्त बनाकर उन्हें ग्राम विकास की मुख्यधारा में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि प्रस्फुटन समितियां गांव के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इनके माध्यम से शासन की योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाया जा सकता है। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को जैविक खेती को बढ़ावा देने, पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण, पोषण वाटिका निर्माण, स्वच्छता एवं जनजागरूकता जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम बद्री प्रसाद चौहान के निर्देशानुसार एवं द्वारका प्रसाद पाठक के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई और विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त कर उन्हें अपने-अपने गांवों में लागू करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिभागियों को प्रशस्ति प्रमाण पत्र वितरित किए गए। साथ ही अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में क्षेत्र की शिक्षिकाओं, नर्सों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं महिला समाजसेवियों को भी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस पहल की सभी उपस्थितजनों ने सराहना की और महिलाओं के योगदान को समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम का मंच संचालन दिनेश सेन, सचिव नामांकुर समिति एवं श्री सिद्ध बाबा सोधना प्रचार-प्रसार समिति द्वारा प्रभावी रूप से किया गया। कार्यक्रम में नगर विकास समिति के अध्यक्ष अमित गोस्वामी सहित कई जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, नामांकुर संस्था के सदस्य एवं सखियां बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं।

# स्टेट बैंक के बाहर लगता है वाहनों का जमावड़ा, जाम से लोग परेशान



### यातायात पुलिस और नपा प्रशासन द्वारा कई बार दिए जा चुके हैं नोटिस

**जागरण अशोकनगर।**

शहर के स्टेशन रोड पर स्टेट बैंक वाली गली में सुबह से शाम तक जाम की स्थिति रहती है इसकी सबसे प्रमुख वजह यह है कि एसबीआई बैंक खुलने के दौरान बड़ी संख्या में बैंक के ग्राहक बैंकिंग कार्य से एसबीआई कार्यालय में आते हैं और अपने वाहन बैंक के बाहर गली में खड़े कर देते हैं जिससे गली में जाम की स्थिति बन जाती है।

सिंगल, दुपहिया वाहन और पैदल चलने वाले लोग भी जाम के कारण यहां से निकलने में परेशानी महसूस करते हैं। उल्लेखनीय है कि इस गली में ज्वैलर्स एवं कपड़ों की भी बड़ी दुकानें हैं जहां बड़ी संख्या में ग्राहक आते हैं। जाम के कारण ग्राहकों को भी परेशानी होती है। सबसे ज्यादा परेशानी शादी-विवाह के सीजन में आती है स्टेट बैंक वाली गली में जाम की यह समस्या काफी लंबे समय से चली आ रही है लेकिन इसके समाधान के लिए कोई उचित कदम नहीं उठाया जा रहा है।

**बैंक के पास नहीं पार्किंग व्यवस्थाः**

स्टेट बैंक ग्राहकों के भरोसे के मामले में काफी पसंदीदा बैंक है इस कारण इस बैंक में बड़ी संख्या में लोगों के खाते हैं यही कारण है कि बैंक में रोज सैकड़ों की संख्या में ग्राहक आते हैं। बैंक में प्रवेश का जो मुख्य दरवाजा है वह इसी गली में है यही कारण है कि ग्राहक गली में लाकर ही अपने वाहन खड़े करते हैं बैंक के पास अपनी पार्किंग व्यवस्था नहीं है इस कारण ग्राहकों को मजबूरी में गली में वाहन खड़े करने पड़ते हैं। पूर्व में यातायात पुलिस द्वारा बैंक प्रबंधन को पार्किंग हेतु नोटिस दिए गए हैं लेकिन बैंक प्रबंधन इसको लेकर गंभीर नजर नहीं आता है।

# नपा में हुई जलप्रदाय शाखा की बैठक, अध्यक्ष ने दिए निर्देश

## ग्रीष्मकाल में पानी को लेकर लोगों को न हो परेशानी : मनोरिया



**जागरण अशोकनगर।**

मंगलवार को नगरपालिका कार्यालय में नपाध्यक्ष नीरज मनोरिया ने जलप्रदाय शाखा की बैठक ली। बैठक में आगामी ग्रीष्मकाल में पेयजल सप्लाई से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई एवं जरूरी निर्देश दिए गए।

बैठक के दौरान श्री मानोरिया ने कहा कि शहर की सडकों पर गड्ढे बर्दाशत नहीं किए जाएंगे। उन्होंने कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे निरंतर नगर भ्रमण करें और यदि कहीं भी रोड पर कोई गड्ढा खुदा दिखे तो तुरंत संबंधित इंजीनियर को सूचित करें। उन्होंने जोर दिया कि फेरुल के नाम पर बेवजह खुदाई न की जाए जिससे जनता को आवागमन में परेशानी न हो। आगामी गर्मी को देखते हुए अध्यक्ष ने कहा कि पाइपलाइन में कहीं भी लीकेज नहीं रहना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी लीकेज को तत्काल चिन्हित कर बंद किया जाए।

जिन क्षेत्रों में नलों से गंदा पानी आने की शिकायत है वहां तुरंत गड्ढा खोदकर फेरुल और पाइपलाइन की जांच की जाए। यदि पाइप लाइन कहीं से क्षतिग्रस्त है तो उसे तुरंत सुधारा जाए ताकि शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। बैठक में वरिष्ठ पार्षद महेन्द्र भारद्वाज, सीएमओ विनोद उन्नीतान, सब इंजीनियर भानु कुशवाह, शिवकुमार,आयुष वर्मा, गौरव ठाकुर सहित जलप्रदाय शाखा का स्टाफ मौजूद रहा।

# अपहरण के 5 आरोपी गिरफ्तार, युवक सकुशल मिला

## दो लाख रुपए के विवाद में दिया था वारदात को अंजाम, 6 आरोपी फरार



**जागरण, शिवपुरी।** जिले के करैरा थाना क्षेत्र के समोहा डैम से 16 मार्च को एक युवक का अपहरण करने वाले 5 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर अपहृत को सकुशल बरामद कर लिया है, जबकि 6 अन्य फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है। एसडीओपी प्रशांत शर्मा ने बताया कि 16 मार्च 2026 को ग्राम बेरखेड़ा निवासी 22 वर्षीय बृजेश जाटव ने अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। फरियादी ने बताया था कि उसके परिचित जीतू कोली को समोहा डैम घुमाने के बहाने ले जाया गया था। वहां पहले से घात लगाए बैठे 10-11 बदमाशों ने कट्टे से हवाई फायर कर उसे जबरन एक अर्टिगा कार में डाला और फरार हो गए।

थाना प्रभारी विनोद छावई के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए समोहा की पहाड़ियों से अपहृत जीतू को सुरक्षित निकाल लिया। पुलिस ने मामले में जसवंत उर्फ दीपक, इंदर सिंह उर्फ इंदल, विष्णु, अंशुल और रतन नामक 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक स्प्लेंडर बाइक, 315 बोर का एक देशी कट्टा, एक खाली खोखा और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस जांच में सामने आया है कि अपहरण की मुख्य वजह अहमदाबाद का 2 लाख रुपए का एक पुराना विवाद है। कुछ समय पहले जीतू कोली और मुख्य आरोपी दीपक अहिरवार अहमदाबाद में एक साथ नौकरी करते थे। इसी दौरान जीतू कोली से एक सड़क दुर्घटना हो गई थी और उसके पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं था।

### दीपक ने अपना लाइसेंस लगाकर बचाया था

दीपक अहिरवार ने जीतू को कानूनी कार्रवाई से बचाने के लिए लगभग 2 लाख रुपये में समझौता कर केस अपने ऊपर ले लिया था। दीपक ने अपना लाइसेंस लगाया था, लेकिन समय बीतने के बाद भी जीतू ने उसे तय रकम नहीं लौटाई। कई बार पैसे मांगने पर भी रकम नहीं मिली, तो दीपक ने साथियों के साथ मिलकर इस अपहरण की साजिश रची।

### 6 फरार आरोपियों की तलाश जारी

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी इंदर सिंह पर पहले से 4 और विष्णु पर 2 आपराधिक मामले दर्ज हैं। फिलहाल पुलिस इस मामले में फरार 6 अन्य आरोपियों की सरगर्मी से तलाश में जुटी हुई है और आगे की कार्रवाई जारी है।

# भार्गव के पिता के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे विधायक यादव



**जागरण, कोलारस।** कोलारस विधायक महेंद्र सिंह यादव ने बीते रोज भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं समाजसेवी ओपी भार्गव के पिता स्व. दीनदयाल भार्गव के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए निवास पर पहुँचकर विधायक यादव ने छायाचित्र पर पुष्प अर्पित किए। इनके साथ अमर भाई, धर्मेन्द्र इमालवदी साथ थे। भार्गव के निवास पर भाजपा नेता गणमान्य श्रद्धासुमन अर्पित करने के लिए नगर एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी कर्मचारी शामिल हुए जिनमें सीएमराईज के प्राचार्य राकेश कुलश्रेष्ठ, वीआरसी केपी जैन, ब्रजेश गोलिया, अवदेश खैमरिया, संदीप पारीक बदरवास भाजपा मण्डल अध्यक्ष कल्याण यादव, रामहेत शर्मा, हरि निवास शिवपुरी के पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी समर सिंह राठौड़, विक्की राजौरिया पार्षद सुरेश राठौर पार्षद रिटायर्ड सहायक अभियंता डीके जैन सहित अनेक लोगों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए।

# सूने मकान से एलपीजी सिलेंडर चोरी, सीसीटीवी में दिखा चोर, जेवर, नगदी और दस्तावेज भी ले गए



**जागरण, शिवपुरी।** शहर की कृष्णपुरम कॉलोनी में एक सूने मकान को निशाना बनाकर चोरों ने एलपीजी सिलेंडर सहित अन्य सामान चोरी कर लिया। खास बात यह है कि पूरी वारदात पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसमें एक चोर सिलेंडर कंधे पर रखकर ले जाता हुआ नजर आ रहा है। जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 10 निवासी नीतू राजावत सोमवार को घर में ताला लगाकर मायके गई थीं। अगले दिन लौटने पर उन्होंने घर का ताला टूटा हुआ पाया और अंदर सामान बिखरा मिला। चोर घर से एलपीजी गैस सिलेंडर के अलावा सोने-चांदी के जेवरात, नगदी और कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज भी ले गए। चोरी से परिवार को आर्थिक नुकसान हुआ है। घटना स्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरे में चोर की हरकत रिकॉर्ड हो गई है। फुटेज में आरोपी आराम से सिलेंडर कंधे पर रखकर ले जाता दिखाई दे रहा है। शहर में इन दिनों एलपीजी सिलेंडर की कमी चल रही है। ऐसे में सिलेंडर चोरी की घटना ने लोगों में डर और चिंता का माहौल बना दिया है। कोतवाली थाना पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। जल्द ही गिरफ्तारी का दावा किया जा रहा है।

# नेपाल आत्महत्या मामले में दो एफआईआर, दुष्प्रेरण, अपहरण और मारपीट भी दर्ज

## किराए के मकान में फांसी लगाई थी




**जागरण, शिवपुरी।** नेपाल शाक्य आत्महत्या मामले में दो अलग-अलग थानों में एफआईआर दर्ज की गई है। कोतवाली थाना क्षेत्र के मुदगल कॉलोनी में नेपाल शाक्य ने फांसी लगाकर आत्महत्या की थी। परिजनों की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने जयदीप माहेश्वरी, राजू माहेश्वरी, शिवम और मधुरम माहेश्वरी के खिलाफ आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरण का मामला दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार, नेपाल शाक्य जयदीप माहेश्वरी के गोदाम पर काम करता था। उसे करीब 2 से 2.5 लाख रुपए के लेनदेन को लेकर लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। इसी मानसिक दबाव के चलते उसने रविवार शाम अपने किराए के मकान में फांसी लगा ली। आत्महत्या से एक दिन पहले आरोपियों ने नेपाल के खिलाफ रुपए गायब होने की शिकायत भी दर्ज कराई थी। इस मामले से जुड़ा दूसरा केस पोहरी थाना में दर्ज किया गया है। मृतक के भाई सोनेराम शाक्य ने रिपोर्ट लिखाई है कि भूसा फैक्ट्री मालिक राजू और उसका बेटा शिवम अपने साथियों के साथ उनके घर बरखेड़ा पहुंचे। वहां उन्होंने गाली-गलौज की और मारपीट की। इसके बाद सोनेराम और उसके भाई विनोद को जबरन गाड़ी में बैठाकर ले जाया गया। शिकायत में बताया गया है कि गाड़ी में एक व्यक्ति के पास कट्टा जैसा हथियार भी था। बाद में आरोपियों ने दोनों भाइयों को रास्ते में छोड़ दिया। पोहरी पुलिस ने इस मामले में मारपीट, धमकी और जबरन ले जाने की धाराओं के तहत दो नामजद और सात अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। दोनों मामलों में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# कलेक्टर ने वृहद स्वास्थ्य शिविर का किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा



**जागरण, शिवपुरी।** जिला प्रशासन, श्रीमंत माधवराव सिंधिया स्वास्थ्य सेवा मिशन एवं रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3053 के संयुक्त तत्वावधान में 17 मार्च से 24 मार्च 2026 तक आयोजित 8 दिवसीय रोटरी रीजनल मेडिकल मिशन अंतर्गत वृहद स्वास्थ्य शिविर के प्रथम दिवस कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी द्वारा शिविर स्थल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने शिविर में उपस्थित मरीजों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना तथा चिकित्सकों एवं मरीजों की समस्याओं को सुनते हुए उनके त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने शिविर स्थल के प्रत्येक कक्ष में पहुंचकर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि शिविर में आने वाले सभी मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं तथा व्यवस्थाएं सुचारु एवं व्यवस्थित रूप से संचालित हों, जिससे अधिक से अधिक लोगों को शिविर का लाभ मिल सके।

जागरण गुना
गुना, 18 मार्च 2026 | चांचौड़ा - राघौगढ़ | www.dainikjagranmpcg.com

### हेलमेट पहनने वालों का गुलाब देकर सम्मान

**जागरण, इटारसी।** ग्वाल बाबा क्षेत्र में आज यातायात जागरूकता को लेकर एक अनोखा दृश्य देखने को मिला। यातायात जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत अपर जिला सत्र न्यायाधीश आदित्य रावत ने स्वयं सड़क पर उतरकर लोगों को सुरक्षित ड्राइविंग का संदेश दिया। इस दौरान उन्होंने न केवल लोगों को नियमों की जानकारी दी, बल्कि सुरक्षा के प्रति सजग नागरिकों का उत्साहवर्धन भी किया।

### बूढ़ी माता मंदिर में अखंड ज्योति और घट स्थापना 19 से

**जागरण, इटारसी।** श्रीश्री बूढ़ी माता मंदिर में चैत्र नवरात्रि 19 मार्च से 27 मार्च 2026 के उपलक्ष्य में भव्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर समिति द्वारा जारी जानकारी के अनुसार श्रद्धालु मंदिर कार्यालय या पुजारी जी से संपर्क कर संकल्प ले सकते हैं। इस हेतु भेंट राशि 1500 रुपये निर्धारित की गई है। विशेष बात यह है कि संकल्प एकम के दिन ही पूर्ण किया जाएगा।

## संक्षिप्त न्यूज

### भुल्लनपुरा-टेकरी क्षेत्र में 3 घंटे गुल रहेगी बिजली

**गुना।** शहर के भुल्लनपुरा और हनुमान टेकरी क्षेत्र में आवश्यक रखरखाव कार्यों के चलते बुधवार, 18 मार्च को विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के सहायक प्रबंधक (शहर) द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, 11 केवी भुल्लनपुरा एवं टेकरी फीडर पर मेंटेनेंस का कार्य किया जाना है, जिसके कारण सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक बिजली कटौती की जाएगी। इस सुधार कार्य की वजह से विद्यार्थी नगर, विंध्यांचल कॉलोनी, राज कॉलोनी, बी.जी. रोड, आदिश नगर, रामकृष्ण कॉलोनी, कृष्णी कॉलोनी, साई सिटी कॉलोनी, भुल्लनपुरा क्षेत्र, हनुमान टेकरी, शिवपुरम कॉलोनी, न्यू टेकरी रोड और बूढ़े बालाजी सहित आसपास के क्षेत्रों का विद्युत प्रवाह बाधित रहेगा। बिजली कंपनी ने स्पष्ट किया है कि कार्य की आवश्यकता को देखते हुए कटौती की इस समयावधि में कमी या बढ़ोतरी की जा सकती है। विभाग ने संबंधित क्षेत्रों के उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील करते हुए अपने आवश्यक कार्य समय रहते पूर्ण करने का सुझाव दिया है।

### कलेक्टर ने दी जरूरमंद को आर्थिक सहायता

**गुना।** जिला कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने एक बार फिर मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए एक जरूरतमंद नागरिक को स्वरोजगार के लिए आर्थिक मदद उपलब्ध कराई है। मंगलवार को श्रीराम कॉलोनी निवासी सुनील अहिरवार ने कलेक्टर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर स्वयं का रोजगार स्थापित करने हेतु आर्थिक सहायता की मांग की थी। आवेदक की पारिवारिक और आर्थिक परिस्थिति को देखते हुए कलेक्टर कन्याल ने संवेदनशीलता दिखाई और तत्काल रेडक्रॉस सोसायटी गुना से 10 हजार रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की। कलेक्टर ने स्वयं आवेदक को सहायता राशि का चेक प्रदान किया, ताकि वह अपना रोजगार शुरू कर आत्मनिर्भर बन सके। इस दौरान कलेक्टर ने कहा कि प्रशासन का सदैव यह प्रयास रहता है कि अभावग्रस्त और जरूरतमंद व्यक्तियों को समय पर उचित मदद मिल सके। सुनील अहिरवार ने जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### आईटीआई गुना के दो छात्रों का रेलवे में चयन

**गुना।** ग्रामीण अंचल की प्रतिभाओं ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि यदि इरादे मजबूत हों, तो सीमित संसाधनों के बीच भी सफलता की ऊंचाइयों को छुआ जा सकता है। शासकीय आईटीआई गुना से फिटर ट्रेड में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले दो युवाओं, अजय कुमार साहू और राधे मोहन धाकड़ ने रेलवे भर्ती बोर्ड की परीक्षा में सफलता हासिल कर रेलवे के बिलासपुर जोन में सहायक लोको पायलट के पद पर अपना स्थान पक्का किया है। उनकी इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवारों में खुशी का माहौल है, बल्कि क्षेत्र के अन्य युवाओं के लिए भी वे प्रेरणा बन गए हैं।

### शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति के दिए कड़े निर्देश

राघौगढ़। परियोजना अधिकारी संजय श्रीवास्तव द्वारा नगर पालिका परिषद राघोगढ़ में सीएम हेल्पलाइन की प्रगति की विस्तृत समीक्षा मुख्य नगर पालिका अधिकारी तेज सिंह यादव की उपस्थिति में की गई। बैठक के दौरान परियोजना अधिकारी ने योजना के क्रियान्वयन में तेजी लाने और निर्धारित समय सीमा के भीतर आवंटित लक्ष्यों को शत-प्रतिशत पूरा करने के सख्त निर्देश जारी किए हैं। बैंकों और संबंधित फील्ड स्टाफ को निर्देशित किया कि पोर्टल पर लंबित आवेदनों का तत्काल सत्यापन कर उन्हें स्वीकृत और वितरण जाए।

### बैखोफ बदमाश, मॉर्निंग वॉक कर रही महिला के गले से चेन खींचकर भागे

# बाइक से आए बदमाश, एक ने उतरकर खींची चेन, महिला ने पकड़ा तो छुरा दिखाकर धमकाया


गुना। मॉर्निंग वॉक कर रही महिला के गले से चेन छीनते बदमाश।

**जागरण, गुना।** शहर में महिला और बुजुर्गों की सुरक्षा खतरे में है। बदमाशों के हौसले इतने बुलंद हैं कि मंगलवार सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकली एक महिला से बाइक सवार बदमाशों ने सरेराह सोने की चेन लूट ली और रहवासी क्षेत्र में बाईक दौड़ाते हुए फरार हो गए। जानकारी के मुताबिक सीमा यादव मंगलवार सुबह करीब 6 बजकर 25 मिनट पर मॉर्निंग वॉक के लिए घर से निकली थीं। जब वह शारदा स्कूल के पास पहुंची, तभी बाइक पर सवार होकर आए दो नकाबपोश युवकों ने वारदात को अंजाम दिया। बाइक पर पीछे बैठे युवक ने झपट्टा मारकर सीमा के गले से करीब एक तोले सोने की चेन खींच ली, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग डेढ़ लाख रुपए बताई जा रही है। इस दौरान जब पीड़िता ने साहस दिखाते हुए अपनी चेन वापस छीनने का प्रयास किया, तो बाइक सवार बदमाशों ने बड़ा छुरा निकालकर उन्हें धमकाया और कैंट की तरफ तेजी से फरार हो गए। इस पूरी घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें बाइक सवार बदमाश वारदात को अंजाम देते हुए साफ नजर आ रहे हैं। फुटेज से यह भी अंदेशा जताया जा रहा है कि बदमाश पहले से ही इलाके में रेकी कर रहे थे और सही मौके का इंतजार कर रहे थे। घटना के बाद पीड़िता ने तुरंत कैंट थाने पहुंचकर मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई है। दिनदहाड़े और भीड़भाड़ वाले समय में हुई इस लूट की वारदात के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल व्याप्त है। स्थानीय लोगों में प्रशासन के प्रति नाराजगी देखी जा रही है और चर्चा है कि अब लोग सुबह की सैर के दौरान भी सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे हैं। फिलहाल पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की शिनाख्त करने और गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी हुई है।

#### दिनभर वायरल वीडियो

गुना में सामने आई वारदात को लेकर पूरे शहर में दहशत का माहौल बरकरार है। दिनभर इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर हुआ है। जिसमें बदमाश महिला के गले से चेन झपटते हुए स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं। खास बात यह है कि यह वारदात ऐसी जगह हुआ, जहां कई प्रशासकीय अधिकारियों के बंगले हैं और शासकीय आवास स्थित हैं। अति सुरक्षित माने वाले जाने इस परिसर में एक महिला के गले से चेन झपटने की वारदात ने पूरे शहर में दहशत फैला दी है।

#### पहले भी हुई बुजुर्ग से लूट

इससे पहले बीते रविवार को शहर की एक और पॉश कॉलोनी में बुजुर्ग चिकित्सक के साथ लूट की सनसनीखेज वारदात सामने आ चुकी है। हालांकि पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। मामला बोहरा मस्जिद के सामने स्थित एक गली में गुजर रहे बुजुर्ग चिकित्सक डॉ. गजेंद्र सिंह से संबंधित था। गजेंद्र सिंह घरेलू आवश्यकता का सामान लेकर अपने घर जा रहे थे। तब भी इसी तरह दो युवक उनके करीब आए और उन्हें जमीन पर पटक लिया। बदमाश डॉ. गजेंद्र का पर्स लेकर भाग गए थे। जिसमें करीब 5 हजार रुपए और अन्य दस्तावेज रखे हुए थे। इस मामले में एक दिन बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली थी और पवन कॉलोनी निवासी दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था।

# आरोन में फिर दहशत का पर्याय बनी आवारा गैंग

### महिला ने एसपी से की शिकायत



**जागरण, गुना।** जिले के आरोन कस्बे में एक आपराधिक गैंग की दहशत इस कदर बढ़ गई है कि एक परिवार के दो सगे भाई अपने दोस्त के साथ घर छोड़कर फरार हो गए हैं। बरबटपुरा, आरोन निवासी पीड़ित मां रिहाना ने मंगलवार को जिला मुख्यालय स्थित जनसुनवाई में पहुंचकर पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। महिला का आरोप है कि पिछले एक साल से एक स्थानीय गैंग उसके परिवार को हथियारों के दम पर डरा-धमका रही है और पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। पीड़िता रिहाना के अनुसार, आरोन की यह गैंग आए दिन उनके बच्चों के साथ मारपीट करती है और जान से मारने की धमकी देती है। इसी दहशत के चलते उनके दोनों बेटे, साहेल और सुहैल, अपने एक दोस्त के साथ लापता हो गए हैं। रिहाना ने बताया कि वे अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर अत्यंत चिंतित हैं, क्योंकि गैंग के सदस्यों का आतंक इतना अधिक है कि बच्चे घर लौटने से डर रहे हैं। महिला ने जनसुनवाई में गैंग के सदस्यों के नाम उजागर करते हुए दावा किया कि उन्होंने पहले आरोन थाने में भी शिकायत दर्ज कराने की कोशिश की थी, लेकिन वहां उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई। स्थानीय पुलिस की कथित निष्क्रियता से परेशान होकर उन्हें गुना आकर अपनी आपबीती सुनानी पड़ी। एसपी कार्यालय में दिए आवेदन में पीड़िता ने मांग की है कि आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और उनके लापता बच्चों को सुरक्षित वापस लाया जाए। इस मामले ने एक बार फिर छोटे कस्बों में पनपते गैंग कल्चर और पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### गैस की किल्लत और कालाबाजारी को लेकर जताया आक्रोश

# जनसुनवाई में खाली सिलेंडर लेकर पहुंचा उपभोक्ता, कलेक्टर ने तुरंत दिलाई गैस



**जागरण, गुना।** शहर में रसोई गैस की भारी किल्लत से परेशान आम उपभोक्ताओं का धैर्य अब जवाब देने लगा है। मंगलवार को जनसुनवाई में एक अनोखा नजारा देखने को मिला, जब हनुमान कॉलोनी निवासी उपभोक्ता दिनेश कुमार यादव हाथ में खाली गैस सिलेंडर लेकर कलेक्टर के समक्ष गुहार लगाने पहुंच गए। पीड़ित उपभोक्ता ने गैस एजेंसियों पर सिलेंडर की कालाबाजारी करने और आम जनता को परेशान करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने करीब 8 दिन पहले गैस रिफिल के लिए बुकिंग कराई थी, जिसका डीएसी कोड भी उनके मोबाइल पर आ चुका है। इसके बावजूद जब वे सिलेंडर लेने एजेंसी पहुंचे, तो उन्हें 5 दिन बाद आने की बात कहकर टाल दिया गया। जनसुनवाई में अपना दुखड़ा सुनाते हुए उपभोक्ता ने तीखे शब्दों में कहा कि यदि समय पर रसोई गैस मुहैया नहीं कराई गई, तो क्या आम आदमी मजबूरी में पेड़ काटकर अपना भोजन पकाएं? उन्होंने प्रशासन के सामने सवाल उठाया कि यदि गैस की कमी है, तो शहर के होटलों और रेस्टोरेंटों पर आसानी से सिलेंडर कैसे पहुंच रहे हैं, जबकि घरेलू उपभोक्ता हफ्तों से इंतजार कर रहा है। उपभोक्ता के इस आक्रोश और परेशानी को देखते हुए कलेक्टर ने मामले को गंभीरता से लिया है। उन्होंने संबंधित विभाग और गैस एजेंसी को तत्काल निर्देश दिए हैं कि पीड़ित उपभोक्ता को नियमानुसार गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जाए। बताया जा रहा है कि इसके बाद अधिकारियों ने कलेक्ट्रेट में ही सिलेंडर मंगाकर दिनेश यादव को सौंपा है।

### पार्षद दल की बैठक में आपसी खींचातान पर केंद्रीय मंत्री जमकर नाराज हुए

# 15 दिन में हालात सुधारो, वरना एक्शनः सिंधिया

जागरण, गुना। इस बार का सिंधिया का दौरा नगरपालिका के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। सिंधिया ने जिस अंदाज में रात को 12 बजे पार्षद दल की बैठक ली और अपने तेवर दिखाए उससे तो लगता है कि नगरपालिका में भाजपा के पार्षद और अध्यक्ष सभी सकते में आ गए हैं। सिंधिया ने जिस अंदाज में अपनी नाराजगी पहली बार जाहिर की और पार्षदों को साफ तौर पर सुधर जाने की नसीहत दी, उससे लगता है कि अब नगरपालिका में भाजपा की घमासान थम सकता है। सिंधिया ने साफ और सीधे लहजे में जब कहा कि अब और नहीं सहा जा सकता, आप लोगों की हरकतों से जो मेरी और पार्टी की बदनामी हो रही है, वह आगे सहन नहीं की जाएगी। यदि 15 दिन के अंदर सभी नहीं सुधरे तो मैं संगठन को फ्री हैंड कर दूंगा और फिर बाद में आप लोग भुगतना। सिंधिया ने बैठक के दौरान पर्सनल तौर पर भी 3-4 लोगों से रूबरू होते हुए उनके कृत्यों पर नाराजगी जताई और उन्हें साफ तौर पर साथ में मिलकर काम करने की सलाह दी। सिंधिया के इस तल्ख लहजे का पार्षदों पर निश्चित गहरा असर पड़ा होगा और अब आगे से नगरपालिका में समन्वय बनाकर काम करने की चेतावनी ध्यान में होगी। साथ ही नपाध्यक्ष पर भी अब नगरपालिका को सुचारू रूप से सभी से मिलकर चलाने की बात बैठक में कही।


गुना। लक्ष्मीगंज में मंच पर नपाध्यक्ष ने सिंधिया का स्वागत किया।

#### सराहा नपाध्यक्ष का विजन

लक्ष्मीगंज में धन्यवाद सभा के दौरान सिंधिया ने गुना नगरपालिका द्वारा 15.41 करोड़ रुपए की लागत से नवनिर्मित सीवर ट्रीटमेंट प्लांट की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए नगरपालिका अध्यक्ष सविता गुप्ता और उनकी पूरी टीम को मंच से बधाई देते हुए कहा कि यह प्रोजेक्ट शहर के जल प्रबंधन में मील का पत्थर साबित होगा।

### चंद घंटों में पकड़े ऑटो चोरी करने वाले आरोपी

**गुना।** पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के कुशल नेतृत्व में गुना पुलिस द्वारा संपत्ति संबंधी अपराधों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कैंट थाना पुलिस ने एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। पुलिस ने फलेशु गार्डन के बाहर से हुई ऑटो चोरी के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए महज कुछ ही घंटों के भीतर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और उनके कब्जे से चोरी गया ऑटो बरामद कर लिया है। विवेक कॉलोनी, कैंट निवासी फरियादी विनोद प्रजापति ने 16 मार्च 2026 को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 25 फरवरी की रात पंचमुखी मंदिर के पास स्थित फलेशु गार्डन के सामने से उनका ऑटो कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया है। पुलिस ने तकनीकी संसाधनों, सीसीटीव्ही फुटेज के विश्लेषण और मुखबिरों को सक्रिय किया। सटीक सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर मातापुरा, कैंट निवासी दो आरोपियों नीरज कोरी और राजेश उर्फ पप्पू सहरिया को धर दबोचा। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर चोरी गया ऑटो, एक स्टेपनी और एक जैक बरामद किया है। जब्त किए गए मशरूका की कुल कीमत करीब 85 हजार रुपये बताई जा रही है।

### जर्जर व्यवस्थाओं पर उठाए सवाल

# सरकारी स्कूलों को बंद करने के विरोध में स्कूल बचाओ यात्रा जारी




**जागरण, गुना।** प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी स्कूलों को बंद करने के निर्णय के खिलाफ गुना जिले में जन आंदोलन तेज होता जा रहा है। स्कूल बचाओ संघर्ष समिति के तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय स्कूल बचाओ यात्रा के दूसरे दिन कार्यकर्ताओं ने गुना के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण किया और स्कूल बचाओ, भविष्य बचाओ, सार्वजनिक शिक्षा बचाओ के नारों के साथ अपना विरोध दर्ज कराया। यात्रा के दौरान समिति के सदस्यों ने रपटा, कर्नलगंज, शिवाजी नगर, कोल्हूपुरा और पिपरौदा खुर्द के प्राथमिक व माध्यमिक स्कूलों का जायजा लिया। रपटा और कोल्हूपुरा के सरकारी स्कूलों के सामने आयोजित सभाओं में वक्ताओं ने स्कूलों की दयनीय स्थिति पर गहरा रोष व्यक्त किया। समिति के साथी शुभम राव ने कहा कि एक तरफ सरकार शिक्षा को सर्वसुलभ बनाने के बड़े-बड़े दावे करती है, वहीं जमीनी हकीकत यह है कि स्कूलों में छात्र-छात्राओं और शिक्षकों के लिए शौचालय तक की व्यवस्था नहीं है। भवन जर्जर हो चुके हैं, जिससे वहां बैठकर पढ़ना मुश्किल हो रहा है। समिति के सदस्य शानू भिलाला ने जनसभा को संबोधित करते हुए बताया कि गुना जिले के लगभग 300 और प्रदेश भर के हजारों सरकारी स्कूलों को बंद करने की योजना बनाई गई है। यदि ये स्कूल बंद हुए, तो ग्रामीण और गरीब परिवारों के हजारों बच्चों की शिक्षा पूरी तरह प्रभावित हो जाएगी। यात्रा के दूसरे दिन छात्र-नौजवान हाथों में स्कूल बचाओ की तख्तियां लेकर, नारे लगाते हुए और जनवादी गीत गाते हुए आगे बढ़े।


## कार्यालय, नगर पालिका परिषद गुना (म.प्र.)

Ph. No. 252622 ( का. ), 254555 ( सी.एम.ओ.नि. )

क्रमांक 794/ईनिविदा/2025-26 दिनांक 12/03/2026

### विज्ञप्ति क्रमॉक 08/ई-निविदा/न.पा, गुना / 2025-26

निविदा विज्ञप्ति सूचना द्वारा निम्न कार्य हेतु ऑन लाइन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। अतः जो ठेकेदार इस कार्य को करने हेतु इच्छुक हों वे अपनी-अपनी ऑनलाइन निविदा दर प्रस्तुत कर सकते हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइड https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर नम्बर | कार्य का नाम | पी. ए. सी. ई. एम. डी. ( रु. ) निविदा प्रपत्र की राशि | निविदा प्रपत्र खरीदने की अंतिम दिनांक | 1. कार्य की समय अवधि 2. आमंत्रण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2026_UAD_485613_1 | निकाय क्षेत्र में पर डस्टबिन विभिन्न स्थानों (नीले एवं हरे) लगाने हेतु क्रय करने बावत । | रु. 09.00 लाख<br>रु. 9000.00<br>रु. 2000.00 | 30/03/2026 | 1. 2 माह<br>2. प्रथम आमंत्रण |

Note:-
1. टेंडर क्रय करने एवं टेंडर डालने की अंतिम तिथि 30/03/2026 सायं 5:30
2. टेंडर खोलने की तिथि 01/04/2026 सायं 5:00

श्रीमति सविता अरविन्द गुप्ता
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, गुना

मुख्य नगर पालिका अधिकारी,
नगर पालिका परिषद, गुना ( म.प्र. )


### बजरंगगढ़ में पूर्ण रीति-रिवाज और श्रद्धाभाव से साथ मनेगा उत्सव

# बीसभुजा देवी मंदिर में बसंत नवरात्रि पर्व कल से

#### प्रशासन ने व्यवस्थाओं के लिए सौंपी जिम्मेदारियां



**जागरण, गुना।** बजरंगगढ़ स्थित प्रसिद्ध श्री बीसभुजा देवी मंदिर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बसंत नवरात्रि पर्व पूर्ण रीति-रिवाज और श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। वर्ष 2026 का यह नवरात्रि उत्सव 19 मार्च से प्रारंभ होकर 27 मार्च तक चलेगा। पर्व के दौरान मंदिर पहुंचने वाले हजारों श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपते हुए आदेश जारी किए हैं।

श्रद्धालुओं के लिए पेयजल की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री और ग्राम पंचायत बजरंगगढ़ को आपसी सहयोग से कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही, मुख्य नगरपालिका अधिकारी गुना को निर्देशित किया गया है कि वे मंदिर परिसर में उत्सव की पूरी अवधि के दौरान निरंतर पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करें। मंदिर के सौंदर्यीकरण और पहुंच मार्ग की सुगमता के लिए लोक निर्माण विभाग को रंगाई-पुताई व सड़क मरम्मत का कार्य सौंपा गया है। विद्युत आपूर्ति में किसी प्रकार का व्यवधान न हो, इसके लिए विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण यंत्री को उचित प्रबंध करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं, परिवहन विभाग और स्थानीय समिति को गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी दर्शनार्थियों के वाहनों के सुव्यवस्थित रखरखाव और पार्किंग की जिम्मेदारी दी गई है। जिला प्रशासन ने सभी संबंधित विभागों को समय सीमा के भीतर तैयारियां पूर्ण करने को कहा है ताकि नवरात्र के दौरान श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।


## कार्यालय नगर परिषद् मधुसूदनगढ़, जिला गुना म.प्र.

क्र./न.प./25-26/ मधुसूदनगढ़, दिनांक /03/2026

### ई-टेण्डरिंग निविदा आमंत्रण सूचना

ऑनलाइन प्रतिशत दर बोलियां निम्नलिखित कार्य के लिए रजिस्टर्ड ठेकेदार और पंजीकरण मानदंडों को पूरा करने वाली प्रतिष्ठित फर्मों से आमंत्रित की जाती है।

| S. No. | Tender No. | Name of Work | Probable amount of contract (In Lakh) | Earnest Money Deposit (EMD) (In Rs.) | Cost of Bid Document (In Rs.) | Category of contractor |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_490975_1 | सार्वजनिक शौचालय निर्माण कार्य तहसील रोड मधुसूदनगढ़ | 21.35 | 16012 | 5000 | केन्द्रीयकृत |
| 2. | 2026_UAD_490987_1 | सार्वजनिक शौचालय निर्माण कार्य वार्ड 6 मुख्य बाजार मंडी गेट के पास मधुसूदनगढ़ | 12.74 | 9560 | 2000 | केन्द्रीयकृत |

(1) टेण्डर डाउनलोड दिनांक 16/03/2026 से वित्तीय दरें प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 15.04.2026 तक (2) निविदा में किया गया कोई भी संशोधन https://mptenders.gov.in उक्त बेवसाइट पर किया जावेगा । पृथक से कोई भी प्रकाशन समाचार पत्रों में नहीं किया जावेगा। (3) कार्य से संबंधित विस्तृत विवरण https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

अध्यक्ष
नगर परिषद मधुसूदनगढ़
जिला-गुना म.प्र.

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद मधुसूदनगढ़
जिला-गुना म.प्र.